तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 28 अप्रैल 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 गरज के साथ आंधी, पानी, गिरे पेड़






# शहर की पहली महिला महापौर आज पेश करेंगी पहला बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम की नई सरकार सोमवार को अपना पहला बजट पेश करने जा रही है। नगर निगम की पहली महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत पहली बार अपना बजट भाषण पढ़ेंगी और 1 करोड़ 98 लाख 21 हजार रूपए घाटे का बजट पेश करेंगी। इसके साथ ही इस बजट भाषण के दौरान कई बड़ी घोषणाएं की जाएंगी। सबसे बड़ी बात यह है कि महापौर निधि से यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले होनहार युवओं को प्रोत्साहन राशि एक लाख रूपए दिए जाने की घोषणा की जाएगी। बजट और सामान्य सभा को लेकर निगम प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

अलग खबर

बता दें कि नगर निगम में दस वर्षों के बाद भाजपा की सरकार ने वापसी की है। इसके साथ ही निगम इतिहास में पहली बार एक महिला ने महापौर के पद पर जीत हासिल की है। नगर निगम की महापौर मंजूषा भगत ने 2 मार्च को अपना पदभार ग्रहण किया है और पदभार ग्रहण करने के बाद से लगातार निगम की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ ही शहर के विकास के लिए प्रयास कर रही है। इस बीच महापौर श्रीमती भगत द्वारा पहली बार अपनी सरकार का पहला बजट पेश किया जाएगा। सोमवार को सरगुजा सदन में आयोजित सामान्य सभा के दौरान निगम की भाजपा सरकार का बजट पेश होगा। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा 6 अरब 94 करोड़ 6 लाख 86 हजार रूपए आय के विरुद्ध 6 अरब 96 करोड़ 4 लाख 68 हजार रूपए व्यय के साथ 1 करोड़ 98 लाख 21 हजार रूपए घाटे का बजट पेश किया जाएगा। वहीं महापौर द्वारा महापौर मद से 10 लाख रूपए की लागत से गुमटी निर्माण की घोषणा अपने बजट भाषण में की जाएगी जबकि बजट में अधोसंरचना मद में 20 करोड़ रूपए की लागत से ऑडिटोरियम निर्माण, स्वच्छता प्रबन्धन हेतु 75 लाख रूपए की लागत से डस्टबिन खरीदी, महामाया कारीडोर निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। पहली सामान्य सभा में नगर निगम की सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष द्वारा भी बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है। रविवार को सामान्य सभा से पहले पार्षद दल की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

### 1 करोड़ 98 लाख 21 हजार घाटे का होगा बजट



### आय का स्त्रोत बढ़ाने होंगे प्रयास



सामान्य सभा में हम घाटे का बजट पेश कर रहे है। निगम के पास आय के स्रोत की कमी है। आय का स्रोत बढ़ाने के लिए आने वाले समय में प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही महामाया कॉरिडोर, ऑडिटोरियम, डस्टबिन खरीदी, सहित अन्य विकास कार्यों के लिए प्रावधान बजट में किए गए है। यूपीएससी पास करने वाले निगम क्षेत्र के युवाओं को एक लाख रूपए देने की योजना है।

**श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर

### यूपीएससी पास करने वालों के लिए बड़ी घोषणा

बताया जा रहा है कि नगर निगम की महापौर श्रीमती भगत द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। महापौर द्वारा यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले युवाओं को महापौर मद से एक लाख रूपए दिए जाने की घोषणा की जा सकती है। इस घोषणा का उद्देश्य युवाओं को सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करना और सरगुजा का नाम रौशन करने वालों को सम्मानित करना है। इस घोषणा से निश्चित रूप से युवाओं में उत्साह का संचार होगा और आने वाले समय में भी युवाओं को बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### महिला के घर से डेढ़ लाख की चोरी, तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मजदूरी कर नातिन के विवाह हेतु रूपए जमा कर रही महिला के घर से चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से नगदी रकम बरामद किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार गंगापुर खुर्द लकड़ी मिल के समीप रहने वाली कदमकेली नामक महिला ने 25 अप्रैल को थाने में शिकायत दी थी कि 24 अप्रैल की सुबह वह घर में ताला बंद कर के मजदूरी करने के लिए गई हुई थी और जब वह काम से वापस लौटी तो उसके घर के अंदर व आलमारी का ताला टूटा हुआ था। इसके साथ ही आलमारी में रखा डेढ़ लाख रूपए और एक बोरी चावल गायब था। उक्त रूपए महिला ने अपनी नातिन की शादी के लिए जमा किए थे। अगल बगल पूछताछ करने पर मोहल्ले के सिमोन उर्फ कोंदा, मुमताज अंसारी व दीपांशु को घर के अहाते से निकलते हुए लोगों ने देखा था। ऐसे में पुलिस द्वारा महिला की शिकायत के बाद संदेहियों सिमोन ऊर्फ कोन्दा, मुमताज अंसारी एवं दीपांशु लकड़ा कों हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की रकम 55 सौ रूपए बरामद करने के साथी गंगापुर निवासी 30 वर्षीय सिमोन ऊर्फ कोन्दा आ. बैदुस एक्का, 32 वर्षीय मुमताज अंसारी आ. दिल मोहम्मद व 20 वर्षीय दिपांशु लकड़ा आ. राजेश लकड़ा को बीएनएस की धारा 331(3), 305, 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक रुतम सिंह, आरक्षक घनश्याम देवांगन, रविन्द्र साहू, मदन साय पैकरा, सैनिक रोशन गुप्ता, संतोष संत सक्रिय रहे।

### नशीले इंजेक्शन के साथ युवक पकड़ा गया

**अंबिकापुर।** नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 35 नग इंजेक्शन बरामद किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को पेट्रोलिंग के दौरान भगवानपुर से वापस लौटते समय बनारस रोड की तरफ से एक युवक झोला लेकर आते हुए दिखाई दिया। इस दौरान युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा जिसके बाद पुलिस ने युवक को पकड़कर उसकी पहचान फुन्दुरडिहारी निवासी 21 वर्षीय अमित राय उर्फ गोली आ. समीर राय के रूप में की। पुलिस की तलाशी के दौरान युवक के झोले से कुल 35 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गौरव कुमार पाण्डेय, उनि नवल दुबे, सउनि राकेश मिश्रा, सउनि बीरेंद्र कुजूर, आरक्षक दीनदयाल सिंह, जितेंद्र मिश्रा, बृजेश राय, अतुल सिंह, अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह, केवल साहू सक्रिय रहे।

### लेनदेन की बात को लेकर युवक से मारपीट

**अम्बिकापुर।** नवागढ़ महामाया मंदिर समीप निवासी विकास टोप्पो आ. बबला टोप्पो (26 वर्ष) गत दिन शाम को पिता के साथ चांदमारी डांड की ओर पूजा पाठ कराकर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्तें में बम्फाड व अजय टोप्पों ने रास्ता रोक लेनदेन की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब युवक ने मना किया तो दोनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पुलिस ने छह शिकारियों को किया गिरफ्तार

# अवैध हथियार लेकर कोटरी और जंगली सुअर का शिकार करने गए थे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भरमार बंदूक की गोली लगने से युवक की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने हत्या के आरोप में कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से चार अवैध भरमार बंदूक भी बरामद किया है। आरोपी जंगल में कोटरी और जंगली सूअर का शिकार करने गए हुए थे और इसी दौरान शिकार करते समय गोली युवक को लग गई थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- चार भरमार बंदूक बरामद, जंगल में गोली लगने से युवक की मौत का मामला

बता दें कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना के डिंडो चौकी अंतर्गत ग्राम बेलसर निवासी 18 वर्षीय मुकेश गोंड आ. मगर साय, गांव के राजेन्द्र पंडो और अन्य ग्रामीणों के साथ 25 अप्रैल को जंगल में जंगली सूअर और कोटरी का शिकार करने गया हुआ था। इस दौरान जंगल में राजेन्द्र पंडो द्वारा भरमार बंदूक से चलाई गई गोली लगने से मुकेश गोंड की मौत हो गई थी। 26 अप्रैल को मामला प्रकाश में आने के बाद एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही थी। एसडीओपी रामानुजगंज बाजीलाल सिंह के नेतृत्व में जांच के दौरान पुलिस द्वारा राजेन्द्र गोंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि घटना दिवस को वह मृतक मुकेश गोंड, राम लखन पंडो, शंकर पंडो, विंध्यांचल कोड़ाकू के साथ भरमार बंदूक लेकर पुरानपानी जंगल में कोटरी और जंगली सूअर का शिकार करने के लिए गया हुआ था। इस दौरान मृतक मुकेश गोंड के पास बदूक नहीं होने से मुकेश ने शंकर पंडो के बंदूक को पकड़ा था और मृतक मुकेश और राजेन्द्र एक स्थान पर नाला के ऊपर तरफ थे जबकि नाला के नीचे कुछ दूरी पर राम लखन पंडो और नाला के आगे नीचे शंकर पंडो बिना बंदूक के विंध्यांचल कोडाकु के साथ था। दोपहर लगभग 2 बजे कोटरी के आने की आहट सुनकर राजेन्द्र पंडो द्वारा जैसे ही भरमार बंदूक से फायर किया गया उसी समय नाला के उपरी कमर में खड़ा मुकेश खसकते हुए सामने की तरफ आ गया जिससे गोली मुकेश के पीठ में जाकर लग गई और वह चीखते हुए जमीन पर गिर गया। जब सभी मौके पर पहुंचे तो मुकेश खून से लथपथ हो गया था जिसके बाद डरकर सभी मौके से भाग निकले।

भागते समय राजेन्द्र पंडो ने अपनी भरमार बंदूक को मकेश के पास छोड़ दिया और शंकर पंडो की बंदूक को लेकर फरार हो गया। इस दौरान राजेन्द्र पंडो ने बंदूक को छिपाने के बाद गांव में जाकर घटना की जानकारी सभी को दी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त बंदूक।

### 5-5 हजार में खरीदी थी बंदूक

पुलिस की पूछताछ में आरोपी राजेन्द्र पंडो ने बताया कि उसने भरमार बंदूक को 2 साल पहले गाजर निवासी टेम्पू उर्फ राम नरेश पंडो से खरीदा था। इसके साथ ही पूछताछ में शंकर पंडो और राम लखन पंडो द्वारा पुस्तैनी बंदूक होने की जानकारी दी लेकिन उनके पास इस भरमार बन्दूकों का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। वहीं विंध्यांचल कोडाकु ने भी गाजर निवासी टेम्पू उर्फ रामनरेश पंडो से दो साल पहले 5 हजार रूपए में बंदूक खरीदने की बात की। इसके साथ ही पुलिस ने जब टेम्पू उर्फ रामनरेश पंडो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने झारखण्ड के गढवा रंका अंतर्गत ग्राम दुधवल निवासी सोहराब अंसारी से खरीदकर 5-5 हजार रूपए में बेचने की बात कही। वहीं इस मामले में पुलिस ने सोहराब अंसारी को भी जब हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने घर की पुस्तैनी बंदूक को बेचने की बात स्वीकार की। आरोपी के पास भी उक्त भरमार बन्दूकों का कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस द्वारा भरमार बन्दूकों को निष्क्रिय करने के साथ ही जब्त किया गया है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने डिंडो चौकी अंतर्गत ग्राम बेलसर निवासी 45 वर्षीय राजेन्द्र पंडो आ. स्व. दशू पंडो, 24 वर्षीय शंकर पंडो आ. शिव नारायण पंडो, 30 वर्षीय राम लखन पंडो आ. राम अवतार पंडो, 25 वर्षीय विंध्यांचल आ. राम राज कोडाकु, रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत ग्राम गाजर निवासी 35 वर्षीय टेम्पू उर्फ रामनरेश पंडो आ. इश्वर पंडो व झारखण्ड के गढवा रंका अंतर्गत ग्राम दुधवल निवासी 45 वर्षीय सोहराब अंसारी रुस्तम अली को बीएनएस की धारा 105 एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

# फायर एंड सेफ्टी सिस्टम का फर्जी एनओसी जारी कर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में अब फायर एंड सेफ्टी सिस्टम का फर्जी एनओसी प्रदान करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शहर के एवलोन होटल के संचालक को फर्जी एनओसी देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस के अनुसार होटल एवलोन के संचालक अमनदीप सिंह छाबडा ने कोतवाली पुलिस को शिकायत की थी कि बिलासपुर निवासी सुयश दाभड़कर नामक व्यक्ति ने उससे दो वर्ष पूर्व सम्पर्क किया था। इस दौरान युवक ने खुद को अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग में कार्यरत होने की जानकारी दी और फायर एंड सेफ्टी का एनओसी प्रदान कराने की बात कही और 8 हजार रूपए की मांग की। युवक के झांसे में आकर होटल संचालक ने उसे 8 हजार रूपए प्रदान किए जिसके बाद उसे फायर एंड सेफ्टी सिस्टम का एनओसी प्रदान किया गया लेकिन जब उसे एनओसी के संबंध में शंका हुई तो उसने इसकी जांच की। जांच में पता चला की उक्त एनओसी फर्जी है। ऐसे में उसने 8 हजार रूपए देकर फर्जी एनओसी प्रदान करने की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 338 के तहत अपराध दर्ज किया था। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद लंबित अपराधों कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में जब अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र की जांच की गई तो पता एनओसी के फर्जी होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने बिलासपुर तिलक नगर निवासी 32 वर्षीय सुयश दाभड़कर आ. अरुण दाभड़कर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पूर्व में गैर सरकारी रूप से फायर एंड सेफ्टी सिस्टम लगाने का काम करता था इस दौरान अम्बिकापुर मे काम करने के दौरान उसकी पहचान होटल संचालक से हुई थी। जानपहचान होने के बाद सुयश दाभड़कर ने होटल में फायर एंड सेफ्टी सिस्टम लगाया था और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग से होटल संचालक को वैध तरीके से अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाया था। इस दौरान आरोपी द्वारा वर्ष 2024 के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने हेतु होटल संचालक से 8 हजार रूपए लिया गया और अपने ही मोबाइल फोन से पुराने एनोसी को एडिट कर नया बनाकर होटल संचालक को प्रदान आकर दिया गया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, सउनि संदीप सिंह, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक दीपक दास सक्रिय रहे।

- पुलिस ने बिलासपुर से आरोपी को किया गिरफ्तार

# चोरी के मामले में नाबालिग गिरफ्तार, बाइक बरामद

**राजपुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़ा है। पुलिस ने नाबालिग से चोरी की बाइक बरामद करने में सफलता हासिल की है। बड़ी बात यह है कि आरोपी क्षेत्र में लगातार कार और बाइक चोरी के लिए प्रयास कर रहा था लेकिन पुलिस की रात्रि गश्त के कारण वह अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सका।

पुलिस के अनुसार नगर के पानी टंकी रोड निवासी उपेन्द्र प्रजापति आ. लक्ष्मण प्रजापति थाने में शिकायत दी थी कि 25 अप्रैल को वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 9740 को अपने गैरेज के पास खड़ी किया था और 26 अप्रैल की सुबह जब वह सोकर उठा तो उसकी बाइक चोरी हो गई थी। खोजबीन के बाद युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश अपर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी इमानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें कुछ संदेहियों के बारे में पुलिस को जानकारी मिली थी। इस बीच 27 अप्रैल को पुलिस को जानकारी मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति ग्राम कर्रा के पास चोरी हुई बाइक से घूम रहा है। पलिस द्वारा जब संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए चोरी की बाइक को ग्राम कर्रा में ही छिपाकर रखने की जानकारी दी। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक से बाइक बरामद करने के साथ ही पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने झींगो में कार व राजपुर में भी एक कार, स्कूटी व अन्य वाहन चोरी करने का प्रयास किया था लेकिन रात्रि गश्त टीम बार बार आने के कारण वह सफल नहीं हो पाया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चन्दन सिंह, सउनि प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक रिंकु गुप्ता, राजेन्द्र ध्रुव, अनिल पैकरा, आरक्षक मोतीलाल राजवाडे, अमृत सिंह, लखेश्वर पैकरा, नरेश तिर्की एवं अन्य सक्रिय रहे।

### वन अधिकारी मान रहे अतिक्रमण के लिए षड़यंत्र

# बांस नर्सरी में जानबूझकर लगाई गई थी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दरिमा क्षेत्र स्थित टपरकेला बांस प्लांटेशन में शनिवार को हुई आगजनी की घटना को ग्रामीणों का षडयंत्र माना जा रहा है। वन अधिकारी इसे वनभूमि पर कब्जा करने की कोशिश मान रहे है।



शनिवार को टपरकेला स्थित बांस प्लांटेशन में सुबह किसी ने आग लगा दी थी। सूखे पत्तों के कारण आग प्लांटेशन के बड़े क्षेत्र में फैल गई। मौजूद वनकर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से नर्सरी के सूखे बांस एवं पत्ते झुलस गए हैं। आग से बांस प्लांटेशन के बड़े क्षेत्र में फैली आग को देखते हुए वन अधिकारी एक साथ कई स्थानों पर आग लगाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। गनीमत रही कि आग से नर्सरी को मामूली क्षति पहुंची है। वनकर्मी नर्सरी की आग बुझाने के बाद नर्सरी में क्षति का जायजा ले रहे थे दूसरी ओर धुंआ उठने लगा। कर्मचारी स्थल पर पहुंचते तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। नर्सरी में कई स्थानों पर आग लगने एवं जंगल में वनकर्मियों के मौजूद नहीं होने की सूचना पर प्रशिक्षु डीएफओ दीपेश कविक देर शाम घटनास्थल पर पहुंचे एवं स्थिति का जायजा लिया। वे पहुंचे तब तक नर्सरी की आग बुझ गई थी तथा वन अमला दूसरे हिस्से की आग बुझा रहा था। वनकर्मियों ने बताया कि वे सुबह से ही स्थल पर उपस्थित हैं तथा आग बुझाने की कोशिशें कर रहे हैं। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों से भी मदद की गुहार लगाई लेकिन कोई भी तैयार नहीं हुआ जबकि निस्तार के लिए सभी ग्रामीण प्लांटेशन के बांस का उपयोग करते हैं। बारी-बारी से कई स्थानों पर आग लगने के कारण वनकर्मियों को आग बुझाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। प्रशिक्षु डीएफओ रात्रि एक बजे तक प्लांटेशन में मौजूद रहे तथा वन अमले द्वारा आग को पूरी तरह बुझाने के बाद वापस लौटे। रविवार को स्थिति का जायजा लेने डीएफओ थेजस शेखर टपरकेला पहुंचे तथा आग से हुई क्षति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी चर्चा की तथा बिना किसी कारण बांस प्लांटेशन में जगह-जगह आग लगाने का कारण पूछा। उन्होंने बताया कि प्लांटेशन में महुआ का पेड़ नहीं है। महुआ बीनने के दौरान ग्रामीण सूखे पत्तों में आग लगाते हैं जो पूरे जंगल में फैल जाती है। शनिवार को तेज हवा चलने के कारण आग तेजी से फैली तथा वनकर्मियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण जानबूझकर नर्सरी में आग लगाने की बात कह रहे है। वन अधिकारी नर्सरी में आग लगाने के पीछे ग्रामीणों द्वारा वनभूमि पर कब्जा करने का षडयंत्र मान रहे हैं। उन्होंने बताया कि वनकर्मियों को नर्सरी की नियमित चौकसी करने का निर्देश दिया गया है।

# शादी से पहले प्रेमी ने वायरल की फोटो तो युवती ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शादी के पहले प्रेमिका की फोटो वायरल करने और मंगेतर को भेजने से आहत युवती ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

बलरामपुर जिले की वाड्रफनगर पुलिस के अनुसार संगीता कन्नौजिया नामक युवती ने 3 अप्रैल की सुबह 9.15 बजे पनसरा निवासी राजेश्वर पटेल के खेत में मौजूद कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया और घटना की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतिका की शादी चलगली निवासी राजेश कुमार रजक से होने वाली थी लेकिन इस बीच मृतिका के प्रेमी बसंतपुर निवासी आशीष कुशवाहा ने मृतिका के साथ अपनी फोटो होने वाले पति राजेश के मोबाइल फोन पर भेज दी जिससे युवती का विवाह टूटने की कगार पर आ गया था और इस घटना से युवती आहात हो गई। इस घटना से दुखी होकर युवती ने 3 अप्रैल को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने बसंतपुर निवासी आरोपी आशीष कुशवाहा को बीएनएस की धारा 108 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच जारी है।



## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ आज



**मनेन्द्रगढ़।** अनंत श्री विभूषित फलाहारी बाबा जगदीशदास जी, श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री रामप्रिय दास जी अयोध्या एवं श्री हनुमान जी महाराज की अपार कृपा से, तथा श्री श्री 108 वर्तमान महंत रामेश्वर दास महाराज के पावन सान्निध्य में, विजय हनुमान टेकड़ी मंदिर प्रांगण में सप्त दिवसीय हनुमत महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महंत प्रेम नारायण दास (झांसी) एवं महामण्डलेश्वर रामप्रिय दास के दिव्य आशीर्वाद से संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 अप्रैल सोमवार को प्रातः 8 बजे कलश स्थापना एवं देव पूजन के उपरांत भागवत जी की भव्य कलश यात्रा नगर में निकाली जाएगी, जो कथा स्थल तक पहुंचेगी। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से होगी। 28 अप्रैल सोमवार श्रीमद्भागवत महात्म्य, मंगलाचरण, 29 अप्रैल मंगलवार महाभारत प्रसंग, परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा होगी। 30 अप्रैल बुधवार कपिल-देवहूति संवाद, सती-ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार तथा 1 मई गुरूवार गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा होगी। 2 मई शुक्रवार नंदोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग व 3 मई शनिवार को रासपंचाध्यायी, रूकमणी विवाह, द्वारिका लीला के उपरांत 4 मई रविवार सुदामा चरित्र, उद्धव संवाद, परीक्षित मोक्ष, सुखदेव पूजन तत्पश्चात यज्ञ पूणार्हुति एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### पेंशनरों के हित में फैसला ले सरकार

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छग के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव और कोरिया जिले के अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश के सभी भाजपा शासित राज्यों में केन्द्र सरकार की देय तिथि और दर से कर्मचारियों व पेंशनरों को डीए/डीआर दिया जा रहा है, लेकिन छग सरकार अब भी इसमें पीछे है, इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को झूठा साबित करने जैसा संदेश जा रहा है। विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्यप्रदेश सरकार ने हाल ही में एरियर सहित कर्मचारियों को डीए देने की घोषणा कर छग को आईना दिखाया है।

**बदला मौसम:** शहर में प्रभावित रही विद्युत व्यवस्था, गर्मी से मिली थोड़ी राहत

# गरज के साथ आंधी, पानी, गिरे पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने और विद्युत तारों के क्षतिग्रस्त होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। कई इलाकों में घंटों तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 24 घंटों में मौसम में और बदलाव की संभावना है। हल्की बारिश और तेज हवाएं जारी रह सकती हैं। वैसे तो शनिवार से मौसम में फिर बदलाव हुए, इसके कारण रविवार को तड़के जिले के कई स्थानों पर हल्की बूंदांबादी हुई, वहीं रविवार को देर अपरान्ह को जमकर तेज हवाएं चली और जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई इलाकों में हल्की बौछार पड़ी। मौसम में अचानक बदलाव के कारण तापमान में गिरावट हुई। जानकारी के अनुसार गुरूवार को तापमान जहां 45 तक पहुंच गया था, वहीं रविवार को मौसम में बदलाव के बाद तापमान घटकर अधिकतम 35 रहा,वहीं न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया। कोरिया जिले में रविवार को सुबह से ही मौसम सुहाना रहा। सुबह के समय चली हवाओं से ठंडक का असर रहा, वहीं दोपहर के समय धूप-छॉव तथा हल्के बादलों भरा आसमान रहने के कारण तेज धूप से राहत मिलती रही, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही थी। घरों में कूलर ,पंखों का सहारा लेना पड़ रहा था।

27 अप्रैल को अपरान्ह लगभग 4 बजे अचानक उमड़ते घूमड़ते बादलो के बीच तेज आंधी कुछ देर चली, इसके चलते कई लोगों के टीन व अन्य तरह के शेड आंधी के कारण उड़ गए। कई जगहों पर पेड़ों के डंगाल भी टूटे, लेकिन किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं रही। वहीं शहर में रविवार को साप्ताहिक बाजार बैठकी का दिन होता है।

इस दिन सायं के समय चली तेज आंधी के कारण कई व्यापारियों के तिरपाल भी उड़ गए, जिसके कारण व्यापारियों को परेशान होना पड़ा। वहीं रविवार को अपरान्ह चली तेज आधी के कारण कच्चे आम को नुकसान पहुंचा।



### मौसम विभाग का यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने हाल में बदले मौसम के मिजाज को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। यलो अलर्ट मौसम पूर्वानुमान के आधार पर खतरे का संकेत होता है, ऐसे में भारी बारिश, लू की स्थिति एवं तेज हवाओं के चलने का संकेत होता है, इससे लोगों को संभावित खतरों को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

### हवाएं चलने के साथ शहर की बिजली गुल

शहर क्षेत्र में रविवार को लगभग 4 बजे अचानक तेज हवाएं चलने लगी, इसके साथ ही शहर क्षेत्र की बिजली गुल कर दी गई, लेकिन हवाओं की चलने की गति कम होने के बावजूद शहर क्षेत्र की काटी गई, बिजली आपूर्ति बहाल करने में लगभग दो घंटे लग गए। इस दौरान लोगों को उमस भरी गर्मी से हलाकान होना पड़ा।

### बारिश के साथ चली तेज हवा

**मनेन्द्रगढ़।** रविवार की दोपहर मनेन्द्रगढ़ में मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह तक जहां तेज धूप और उमस से लोग बेहाल थे, वहीं दोपहर बाद अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद हुई झमाझम बारिश ने पूरे इलाके के मौसम को खुशनुमा बना दिया। तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। मौसम में आए इस सुखद बदलाव के कारण लोगों के चेहरों पर खुशी नजर आई। कई जगहों पर बच्चे बारिश में भीगते नजर आए तो बड़े-बुजुर्ग भी ठंडी हवाओं का आनंद लेते दिखे। बारिश के चलते सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी कुछ जगहों पर देखी गई, हालांकि कोई बड़ी असुविधा की सूचना नहीं मिली। किसानों के लिए भी यह बारिश किसी संजीवनी से कम नहीं रही, क्योंकि इससे खेतों की नमी बढ़ी और आगामी फसलों के लिए अच्छी तैयारी का अवसर मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है और हल्की से मध्यम बारिश के आसार जताए गए हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग काफी समय से बारिश का इंतजार कर रहे थे और रविवार को आई यह बौछारें लोगों के लिए एक राहत साबित हुई।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कई परियोजनाओं का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं सीएचसी मनेन्द्रगढ़ में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ श्रीमती प्रतिमा यादव ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद ओमप्रकाश जायसवाल, 18 के पार्षद अनिल प्रजापति के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र राणा उपस्थित रहे। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के लिए म्यूजियम, फिजियोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग एवं व्याख्यान कक्ष निर्माण कार्य 194.00 लाख, सीएचसी मनेन्द्रगढ़ को 220 बिस्तर सिविल अस्पताल में अपग्रेड करने के लिए 40 बिस्तरों वाले वार्ड का निर्माण कार्य 76.09 लाख, नवीन ओपीडी एवं 50 बिस्तरों वाले वार्ड का निर्माण कार्य 174.75 लाख, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में लाइब्रेरी एवं विभागाध्यक्ष कक्ष का निर्माण कार्य 125.00 लाख का भूमि पूजन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिभा यादव और सभी जनप्रतिनियों के कर कमलो से किया गया। एमसीबी जिले के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा, जब स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने झगराखांड़ स्थित खेल परिसर में बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य और विकास परियोजनाओं का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्र को नई सौगात दी।



भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री।

समारोह में क्षेत्रवासियों के उत्साह और उम्मीदों का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में म्यूजियम, फिजियोलॉजी विभाग, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग और व्याख्यान कक्ष के निर्माण की आधारशिला रखी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ को 220 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक सिविल अस्पताल में परिवर्तित करने के लिए नवीन ओपीडी, 40 बिस्तरों वाला वार्ड और 50 बिस्तरों के अतिरिक्त वार्ड का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हुआ। साथ ही मेडिकल कॉलेज में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय और विभागाध्यक्ष कक्ष का निर्माण भी प्रस्तावित है। इन सभी कार्यों पर कुल 174.75 लाख रूपए की लागत आएगी, जो आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को नए आयाम प्रदान करेगा। स्वास्थ्य सेवाओं के और अधिक सुदृढ़ीकरण के लिए 8 करोड़ रूपए की लागत से एक अत्याधुनिक सिटी स्कैन हॉस्पिटल की स्थापना की जाएगी।

# बिना जानकारी दिए निविदा खोलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




नगर पंचायत पटना में एक ठेकेदार ने बिना जानकारी दिए निविदा खोले जाने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर को देते हुए जांच एवं कार्रवाई किए जाने की मांग की है। हालांकि पूरे मामले में आरोप को सीएमओ ने एक सिरे से खारिज कर दिया है।

कलेक्टर को सौपे शिकायत के अनुसार खान कंस्ट्रक्टशन एंड सप्लायर के संचालक फरीदा बेगम पति मो. आरिफ ने कलेक्टर को सौंपे अपने शिकायत में उल्लेख किया है कि नगर पंचायत पटना के लिए ऑनलाइन निविदा निकाला गया था, उसमें मेरे द्वारा निविदा जमा किया गया था, जिसके खोलने की तिथि 31 जनवरी थी, तब समयावधि में कार्यालय पहुंचने पर नगर पंचायत के कर्मियों के द्वारा बताया गया कि सीएमओ नहीं हैं बाद में खुलेगा तिथि बढ़ गई है। बाद में सीएमओ से मुलाकात हुई तो उन्होंने बताया कि आचार संहिता लग गया है, इसके बाद निविदा खुलेगा इसकी सूचना उन्हें दी जाएगी। इसी बीच 24 अपैल को सोशल मीडिया से पता चला कि निविदा खुला और उसका भूमिपूजन भी हो गया। सीएमओ से संपर्क करने पर उन्होंने कुछ भी जवाब नहीं दिया। इस पर जांच कराकर सीएमओ नगर पंचायत पटना के विरूद्ध कार्रवाई करने एवं जिन कार्यो का भूमिपूजन कराया गया, उसका निविदा खोलवाए जाने की मांग की गई है।

### आरोप गलत है

सभी निविदा की प्रक्रिया नियमानुसार खोले गए हैं। संबंधित द्वारा लगाए जा रहे सारे आरोप गलत और बेबुनियाद है। शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार ही कार्य कराए जा रहे हैं।

-सिकंदर सिदार, सीएमओ नपं पटना

# जोड़ा तालाब में चला स्वच्छता अभियान



**मनेन्द्रगढ़।** जहां स्वच्छता है, वहां स्वास्थ्य है, जहां स्वास्थ्य है, वहां खुशहाली ह और जहां खुशहाली है, वहीं सच्चा विकास है। इसी भावना के साथ मनेन्द्रगढ़ की मिट्टी में एक बार फिर स्वच्छता का संकल्प गूंज उठा।

जनसहयोग की मिसाल पेश करते हुए आमजन और जनप्रतिनिधि कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान करते दिखाई दिए। जोड़ा तालाब छठघाट पर चल रहा यह स्वच्छता अभियान अब पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुका है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ शारीरिक सफाई नहीं, यह आत्मा की सफाई का भी प्रतीक है। वहीं उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने कहा कि जब तक हर व्यक्ति स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा नहीं बनाएगा, तब तक हमारा लक्ष्य अधूरा रहेगा। सीएमओ श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान ने कहा कि नगरपालिका के प्रयास तभी सफल होंगे जब हर नागरिक स्वच्छता को अपना कर्तव्य मानेगा। रामचरित द्विवेदी ने कहा कि नगर की सुंदरता हम सबकी जिम्मेदारी है और श्रमदान से यह संभव है। इसी तरह अन्य लोगों ने भी स्वच्छता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सतीश उपाध्याय, विजय मिश्रा, मुमताज, अजीज, शिवनारायण मिंज, बबलू, हिमांशु, ओम प्रकाश जायसवाल, नीलू जायसवाल, सुनैना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह,विवेक अग्रवाल, गिरधर जायसवाल, अंकुर जैन, जयचंद बोथरा, रानू घोषाल, मनोज केशरवानी, शांता जायसवाल सहित नगर के अन्य लोगों ने श्रमदान में भाग लिया और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। वहीं जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन भी हाथों में झाड़ू, फावड़ा और बेलचा लेकर पूरे समर्पण के साथ श्रमदान करते नजर आए।

### एमसीबी की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला एमसीबी की नवनिर्वाचित जिला प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक स्थानीय हसदेव इन होटल में संपन्न हुई। सर्वप्रथम उपस्थित रेडक्रॉस सदस्यों ने पहलगाम आंतकवादी हमले में शहीद हुए लोगो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात बैठक में निर्धारित एजेंडा अनुसार चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्य जोड़ने पर बल दिया गया साथ ही रेडक्रॉस समिति के कार्यो के लिए धन संग्रह एवं दानदाताओं को स्वेच्छा से दान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस चेयरमेन शैलेष जैन व रेडक्रॉस नोडल अधिकारी सौमेन्द्र मंडल द्वारा रेडक्रॉस के प्रमुख उद्देश्यों व कार्यो की जानकारी उपस्थित सदस्यों से साझा की गई। बैठक में रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति के शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सर्वसम्मति से एकमत होकर उपस्थित सदस्यों ने मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक व सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आमंत्रित करने की बात कही।

# बिना नंबर दौड़ रहे सरकारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर क्षेत्र में बिना नंबर की सरकारी वाहन महीनों से सड़कों पर दौड़ रही है, इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

जानकारी के अनुसार शहर की सड़कों पर लंबे समय से दौड़ नहीं बिना नंबर की सरकारी वाहन के पीछे छग शासन लिखा हुआ है और वाहन वन विभाग के अधिकारी के लिए हैं, जिसमें बेधड़क अधिकारी प्रतिदिन उपयोग करते हैं। यह परिवहन नियमों का उल्लंघन है। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई के तौर पर जुर्माना लगाया जा सकता है, लेकिन जब छग की शासन की वाहन ही नियम तोड़े तो उस पर भी नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।



































TOP IN SURGUJA









27 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 4/27/2025 9:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिला योजना समिति के गठन हेतु निर्वाचन 2 मई को

**सूरजपुर।** जिला योजना समिति के गठन हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन ने जिला योजना समिति के गठन के निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की है। 2 मई को आयोजित इस निर्वाचन के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए समिति के सदस्यों की संख्या निर्धारित की है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जिला योजना समिति में कुल 10 सदस्य होंगे, जिनमें से 8 सदस्य निर्वाचन के माध्यम से चुने जाएंगे। इनमें नगरीय क्षेत्र से 1 सदस्य तथा ग्रामीण क्षेत्र से 7 सदस्य प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्वाचन 2 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नगरीय क्षेत्रों के नगर पालिका तथा जिले के समस्त नगर पंचायतों के निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद मतदान में भाग लेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से जिपं के निर्वाचित सदस्य भाग लेंगे। मतदान सुबह 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक, नगरीय क्षेत्र का मतदान 12.30 बजे से 1 बजे तक, ग्रामीण क्षेत्र का मतदान 1 बजे से 1.30 बजे तक तथा परिणाम की घोषणा 2 बजे किया जाएगा।

### पेड़ों की अवैध कटाई पर लगे रोक : पंकज

**सूरजपुर।** जिला पंचायत के पूर्व सभापति पंकज तिवारी ने पेड़ों की अवैध कटाई पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए जिला प्रशासन एवं अनुविभागीय



अधिकारी को पत्र लिखकर नए वृक्ष की कटाई पर रोक लगाने की बात कही। श्री तिवारी ने कहा जहां हसदेव जंगल में आदिवासी वर्ग का बड़ा तबका जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं जो हर दिन खूनी संघर्ष को मजबूर हैं। हर आदिवासी जल जंगल और जमीन की लड़ाई में अपने साथ हमारी पीढ़ियों को भी सुरक्षित कर रहे हैं। सूरजपुर में इन दिनों बेतरतीब तरीके से नीलगिरी वृक्षों की कटाई भारी मात्रा में की जा रही है। बिना सुरक्षा के खुले ट्रैक्टर में 7 से 8 टन लकड़ी शहर से खुले आम ले जाया जा रहा है कोई देखने वाला नही। ट्रैक्टर चालक कई महीने से दूसरे राज्य से आकर निवास कर रहे हैं। बावजूद इसके पुलिस अधिकारियों या प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात की संज्ञान ली। नीलगिरी के वृक्ष का दाम 4 रुपये किलो के दर से दिया जा रहा है। किसान 20 से 25 हजार पाने के लिए अपनी जरूरत को पूरा करने पेड़ों को बेच दे रहे है। जलवान लकड़ी की कीमत जहां 6 रुपए किलो है। स्थानीय लोगों को अपने घर का एक पेड़ बेचने के हजारों रुपए खर्च करके 4 महीने कार्यालयों का चक्कर काटना पड़ता है। श्री तिवारी ने बताया कि अब किसी भी प्रकार से यदि नए वृक्ष की कटाई हुई तो हम कानूनी रूप से कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेंगे और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### बालक गृह के बच्चों और आश्रम की माताओं को कराया गया भ्रमण

**बलरामपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिले में



ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित बालक बालगृह के दर्जनों बालक एवं खुशी वृद्धाश्रम में निवासरत दर्जनों वृद्ध माताएं को पर्यटक स्थल एवं धार्मिक स्थल का भ्रमण कराया गया। संस्था के संचालक ने बताया कि बालगृह के बच्चे एवं आश्रम की माताओं को एक दिवसीय पर्यटन एवं धार्मिक स्थल का भ्रमण कराया गया जिसमें सर्वप्रथम जिले के ग्राम चांदो कंदरी स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर का दर्शन कराया गया जहां सभी लोगों ने पूजा अर्चना की करने के साथ ही भ्रमण किया। वहीं उन्हें जावाखाड भुभका डेम का भ्रमण कराया गया। डेम का भ्रमण कर माताओं और बच्चों ने प्रसन्नता जाहिर की और भविष्य में भी इस तरह एक भ्रमण कार्यक्रम किए जाने का आग्रह किया। इस दौरान संस्था के संचालक प्रभाकर द्विवेदी, ममता द्विवेदी, अंकित गुप्ता एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निधन

### बिगन सोनी


**बिश्रामपुर।** ग्राम तेलईकछार केनापारा निवासी बिगन सोनी का गत दिनों हृदयागति रुकने से



अल्पायु में निधन हो गया है, वे 45 वर्ष के थे, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हें मुखाग्नि इकलौते पुत्र जुगेश सोनी ने दी।वे अपने पीछे पत्नी समेत तीन पुत्री व एक पुत्र सहित भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

### सुशील गुप्ता

**बतौली/ सेदम।** बतौली बरपारा निवासी सुशील गुप्ता का गत दिन निधन हो गया। वे पिछले कुछ



दिनों से अस्वस्थ चल रहे रहे। उनका रायपुर अस्पताल में उपचार चल रहा था जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन बेटी व एवं एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार बतौली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### गंभीर मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

# उद्घाटन के डेढ़ साल बाद भी शुरू नहीं हो सका ट्रामा सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रामा सेंटर भवन का उद्घाटन हुए डेढ़ साल हो गए बावजूद इसके आज तक ट्रामा सेंटर का संचालन शुरू नहीं हो सका। अस्पताल प्रबंधन की मांग पर कुछ उपकरण व राशि सीजीएमसी द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। लेकिन नव निर्मित भवन में जगह व पर्याप्त उपकरण नहीं होने से ट्रामा सेंटर अस्पताल में शो पीस बन कर रह गया है। ऐसे में अस्पताल पहुंचने वाले गंभीर मरीजों को सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। हालांकि भवन उद्घाटन के अब भवन में ऑर्थो विभाग का संचालन किया जा रहा है। जिस तरह से ट्रामा सेंटर के लिए प्रक्रिया चल रही है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ट्रामा सेन्टर की सुविधा शुरू होने में और भी समय लग सकता है।

**खास बातें**

- डेढ़ साल पूर्व भवन का किया था उद्घाटन
- भवन में किया जा रहा ऑर्थो विभाग का संचालन

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा जहां स्वास्थ्य सुविधा का एक मात्र साधन मेडिकल कॉलेज अस्पताल है जहां जिले सहित दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में मरीज दाखिल होते है। जिला प्रशासन व अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए नई-नई सुविधा अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही है। कुछ साल के भीतर ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विभिन्न संसाधन सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसी कड़ी में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने वाले मरीजों के लिए अलग से 3 करोड़ 50 लाख की लागत से ट्रामा सेन्टर की स्वीकृति के बाद 1 करोड़ की लागत से भवन निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि भवन पूर्ण हुए डेढ़ साल गए है। बावजूद इसके आज तक ट्रामा सेंटर शुरू नहीं हो सका। जबकि अस्पताल में लम्बे समय से ट्रामा सेन्टर की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन की मांग पर कुछ उपकरण व राशि सीजीएमसी द्वारा उपलब्ध कराई गई है। लेकिन सीजीएमसी द्वारा कई उपकरण की खरीदी नहीं करने के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रामा सेन्टर की सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं हो सकी। आलम यह है कि नव निर्मित भवन में अब अस्पताल प्रबंधन द्वारा ऑर्थो विभाग का संचालन शुरू कर दिया है जबकि अस्पताल में सड़क दुर्घटना से गंभीर मरीज के पहुंचने तथा ट्रामा सेन्टर की सुविधा नहीं होने पर परिजन मरीज को निजी संस्था ले जाने को मजबूर है।




मेडिकल कॉलेज अस्पताल का ट्रामा सेंटर।

**होगी सारी सुविधाएं**

निजी अस्पताल की भांति मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगभग 3 करोड़ 50 लाख की लागत से ट्रामा सेन्टर की सुविधा होने वाली है। एक करोड़ की लागत से जहां ट्रामा सेंटर भवन का निर्माण कराया गया है जबकि शेष राशि से उपकरण सहित अन्य सुविधाएं एक ही भवन में उपलब्ध होगी। सड़क दुर्घटना से आने वाले गंभीर मरीज का एक्स-रे, ओटी सहित जांच की सारी सुविधा होगी और चिकित्सकों की एक अलग टीम होगी जो मरीज के जांच सहित त्वरित ऑपरेशन के लिए तैयार रहेंगे।

**भवन में जगह की कमी**

1 करोड़ की लागत से ट्रामा भवन का निर्माण किया गया है परंतु भवन में उपकरण सहित ओटी व जांच कक्ष व मरीजों को रखने लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में अब भवन पर एक और फ्लोर का निर्माण होना है। प्रथम फ्लोर पर वार्ड सहित ओटी व अन्य कक्ष का निर्माण किया जाएगा। ट्रामा सेन्टर के लिए कुल 3 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति की गई है जिसमें 1 करोड़ की राशि सिर्फ भवन निर्माण करना है।

**कुछ काम है शेष**

ट्रामा सेंटर भवन तैयार है लेकिन भवन में पर्याप्त जगह नहीं है। साथ ही भवन में कुछ काम शेष है। ट्रामा सेंटर के लिए कुछ उपकरण खरीदी की गई है। शेष उपकरण व भवन में काम पूर्ण होने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रामा सेंटर की सुविधा शुरू हो जाएगी।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## आमगांव सहक्षेत्र प्रबंधक समेत 13 माइनिंग अफसरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 13 माइनिंग अफसरों का रविवार 27 अप्रैल को तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है।जारी तबादला आदेश में एसईसीएल बिश्रामपुर आमगांव ओसीएम सहक्षेत्र प्रबंधक अवधेश कुमार झा का तबादला कर उन्हें रायगढ़ क्षेत्र के बरौद सहक्षेत्र का नया सहक्षेत्र प्रबंधक नियुक्त किया गया है। श्री झा की जगह मदननगर भटगांव के सहक्षेत्र प्रबंधक अश्वनी चंद्रा को आमगांव ओसीएम का नया सहक्षेत्र प्रबंधक नियुक्त किया गया है। वहीं बिश्रामपुर के केतकी भूमिगत खदान परियोजना के मैनेजर रविशंकर त्रिपाठी को सहक्षेत्र प्रबंधक मदननगर भटगांव नियुक्त किया गया है।

उनकी जगह जमुना कोतमा में पदस्थ सीनियर मैनेजर माइनिंग ई 6 विनम्र जैन को केतकी खदान का मैनेजर नियुक्त किया गया है।जारी तबादला आदेश में सुरेन्द्र सिंह चौहान जीएम ऑपरेशन एवं एसओ पी एंड पी कुसमुंडा कोरबा एरिया को एसओ पी एंड पी सोहागपुर एरिया नियुक्त किया गया है।अरविंद कुमार रॉय सब एरिया मैनेजर बरोद रायगढ़ को जीएम ऑपरेशन एंड एसओ पी एंड पी कुसमुंडा एरिया नियुक्त किया गया है।परिमल दिनेशचंद्र मावावाला सब एरिया मैनेजर अमलाई धनपुरी सोहागपुर एरिया को एसओ पी एंड पी रायगढ़ क्षेत्र नियुक्त किया गया है।पी रमन्ना एसओ पी एंड पी सोहागपुर एरिया को सब एरिया मैनेजर अमलाई धनपुरी सोहागपुर एरिया नियुक्त किया गया है।रजनेश पांडेय एसओ पी एंड पी हसदेव एरिया को सब एरिया मैनेजर झिरिया हसदेव एरिया नियुक्त किया गया है।जादूमनी साहू सब एरिया मैनेजर झिरिया हसदेव से सब एरिया मैनेजर रानी अटारी विजय वेस्ट चिरमिरी एरिया नियुक्त किए गए हैं।इसी कड़ी में चीफ मैनेजर मनोज कुमार हेड क्वार्टर से एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा एरिया, बी हरीबाबू सब एरिया मैनेजर रानी अटारी को सब एरिया मैनेजर से राजेंद्र खैराहा सोहागपुर एरिया नियुक्त किया गया है।डॉ जयदीप दत्ता चीफ मैनेजर ए एस एम चिरमिरी एरिया से एसओ पी एंड पी हसदेव एरिया नियुक्त किया गया है।बता दें कि हाल ही में गत 15 अप्रैल को एसईसीएल के शीर्ष प्रबंधन ने तीन क्षेत्रों के महाप्रबंधकों समेत कुल 33 माइनिंग अफसरों का तबादला कर उन्हें अलग अलग क्षेत्रों में पदस्थ कर नई जिम्मेदारी दी है जिसके ठीक तेरह दिनों बाद पुनः13 माइनिंग अधिकारियों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर शनिवार को भाजपा की बैठक संकल्प भवन में हुई।

बैठक में अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई साथ ही पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में अभियान के संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी ने कहा कि सभी स्तरों से प्रस्ताव पारित कराना है। विधायकों को आम जनता एवं समुदायों के बीच कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए। बार-बार चुनावों से विकास कार्य रूकते हैं कार्यकर्ताओं को बार-बार मेहनत करनी पड़ती है और मतदाता सूची में एकरूपता नहीं रहती। वन नेशन, वन इलेक्शन से इन समस्याओं का समाधान होगा और आर्थिक रूप से देश को लाभ होगा। जिला संयोजक मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि 1967 में एक संशोधन द्वारा भारत में अलग-अलग समय पर चुनावों की परंपरा शुरू हुई थी। लगातार चुनाव कराने से भारी खर्च होता है तथा लगभग डेढ़ साल तक पूरा सरकारी तंत्र चुनावों में व्यस्त रहता है। फर्जी मतदाताओं की समस्या बढ़ती है और सेना व प्रशासन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। वन नेशन वन इलेक्शन से लगभग 5 लाख करोड़ रूपए की बचत संभव हैं। पंचायत से लेकर विश्वविद्यालय व्यापारिक और सामाजिक संगठनों तक प्रस्ताव पास कराकर जागरूकता बढ़ाई जाए। प्रशांत शंकर त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से उसे आत्मसात करने और सरल पोर्टल पर कार्यक्रमों की जानकारी अपलोड करने का आह्वान किया। नीलेश सिंह ने कहा कि सभी स्तरों पर प्रस्ताव पारित कराकर आगे भेजना है। संतोष दास सरल ने पोर्टल पर कार्यक्रमों की जानकारी अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई। विनोद हर्ष ने कहा कि आज कई बार एक ही व्यक्ति सांसद और विधायक दोनों चुनाव लड़ता है जिससे अन्य योग्य लोगों को अवसर नहीं मिल पाता। वन नेशन, वन इलेक्शन से इस स्थिति में सुधार होगा और जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे आने का मौका मिलेगा। वैभव सिंहदेव ने आभार व्यक्त किया। बैठक में महापौर मंजूषा भगत, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, देवनाथ सिंह पैकरा, फुलेश्वरी सिंह, राजकुमार बंसल, डीके पुरिया, विकास पाण्डेय, मधु चौदहा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### नौकरी मुआवजा को लेकर आंदोलन आज से

**मानीचौक।** खदान से प्रभावित ग्राम के ग्रामीण सोमवारसे नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर रेहर व गायत्री खदान के मुख्य द्वार का ताला बंद कर आंदोलन करेंगे। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत गेतरा के ग्रामीण अपनी भूमि के बदले एसईसीएल से पिछले 25 सालों से नौकरी व मुआवजा की मांग करते आ रहे हैं। एसईसीएल द्वारा आज तक मांग पूरा नहीं किया जा है जिससे आक्रोशित ग्रामीण एसईसीएल व जिला प्रशासन के संबंधित तमाम विभाग को आंदोलन देकर चेतावनी दी गई है। इस संबंध में पर्व में एसईसीएल द्वारा कलेक्ट्रेट में बैठक आहूत किया गया था लेकिन एसईसीएल के अधिकारियों के गोल-गोल बात सुनकर ग्रामीण संतुष्ट नहीं हुए और 28 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि एसईसीएल कंपनी के अधिकारी और राजस्व अमला मौके में आकर नौकरी मौजा की प्रक्रिया बढ़ाएं तभी आंदोलन समाप्त होगी।

### डीएवी स्कूल में छात्राओं के लिए टॉयलेट की समस्या दूर कराने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्राओं की संख्या के हिसाब से बाथरूम व टॉयलेट की कमी होने से आ रही समस्या के निराकरण हेतु एक अभिभावक ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में 1 बी 44 मंगत राम चौक निवासी अविनाश प्रताप सिंह ने उल्लेख किया है कि डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर का संचालन एसईसीएल बिश्रामपुर द्वारा किया जाता है।

उन्होंने उल्लेख किया है कि देश में स्वच्छ भारत मिशन में केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रूपए खर्च कर रही है। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में कक्षा तीसरी से 12 वीं तक की ग्राउंड फ्लोर की बिल्डिंग में पढ़ने वाली सभी बालिकाएं जिनकी संख्या करीब 300 से 400 है और उनके लिए मात्र एक ही टॉयलेट व बाथरूम है।साथ ही उक्त बाथरूम में कई कमियां भी हैं, जैसा कि उसके दरवाजे में कुंडी नहीं लगी है, ऊपर के बाथरूम का गंदा पानी रोशनदान से अंदर बाथरूम की तरफ गिरता है, दरवाजे में कुंडी नहीं होने के कारण एक बच्ची बाहर दरवाजे में खड़ी होती है, तब दूसरी बच्ची बाथरूम करने अंदर जा पाती है। लंच टाइम में विकसित भारत के डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में लड़कियों को बाथरूम में लाइन लगानी पड़ती है। वयस्क बच्चियों को मासिक धर्म के समय भी अगर टॉयलेट बाथरूम में लाइन लगाना पड़े तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि जल्द ही डीईओ सुरजपुर को डीएवी पब्लिक स्कूल के औचक निरीक्षण में भेजा जाए और समस्या को सही पाए जाने पर जल्द ही पुराने बाथरूम को रिपेयर कराया जाए। साथ ही लड़कियों की जनसंख्या के हिसाब से नए बाथरूम टॉयलेट का निर्माण कराया जाए ताकि किसी भी बच्ची को बाथरूम में लाइन ना लगाना पड़े।ज्ञापन को टीएल मीटिंग में शामिल कर एसईसीएल के अधिकारियों से बाथरूम टॉयलेट की संख्या कमी को दूर कराए जाने की मांग की गई है।

### आतंकी हमले की एनएसयूआई ने की निंदा, आतंकवाद का फूंका पुतला

**प्रतापपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की एनएसयूआई ने कड़ी निंदा की तथा आतंकवाद का पुतला दहन किया।। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम के मार्गदर्शन में



एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आकाश साहू के निर्देशानुसार एनएसयूआई द्वारा के शहीद हुए सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए पुराना बस स्टैंड कॉलेज चौक के पास दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं श्रद्धांजलि दी। साथ ही आतंकवाद का पुतला दहन किया। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने इस दर्दनाक घटना के लिए नाराजगी भी जताई। इस दौरान चंदन गुप्ता, मो.दिलशाद अंसारी, पंकज सिंह, लालू, धर्मजीत, सोयमा,अजय सिंह, रिजवान अंसारी, रिंकी मरावी, अमरीता सिंह, गीता टेकाम, लालमुनि, चन्दु, सुनील, दानिश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हिंदू संगठनों व भाजपा ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में हिन्दू समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में कश्मीर पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर अंबेडकर चौक में श्रद्धांजलि अर्पित कर कैंडल मार्च व मशाल रैली निकाली गई। साथ ही स्थानीय बस स्टैंड में आंतकवाद का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।पहलगाम आतंकी घटना में देश के विभिन्न राज्यों के 26 हिंदुओं की मौत पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में भटगांव विधायक व महिला बाल विकास मंत्री के प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, ललित गोयल, मनोज पाण्डेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, बिश्रामपुर नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, संजय भारत, महेश गुप्ता, सूरज सेठी, श्यामा पाण्डेय ने सभा को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री से आंतकवाद हमेशा के लिए खत्म करने की बात कही। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान से वर्ष 1971 में जैसे बांग्लादेश को अलग किया गया था, वैसे ही पाकिस्तान से बलूच को व सिंध को भी एक अलग राष्ट्र बनाने के साथ पीओके को भारत में मिलाने की मांग की गई।वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का समय नजदीक आ गया है। आज भारत सरकार के साथ सभी राजनीतिक दलों के अलावा 140 करोड़ जनता सरकार के साथ खड़ी है। आंतकवादियों ने पूर्व में पुलवामा, उरी, 26/11 मुंबई में, अमरनाथ यात्रा में कई आंतकवादी घटना कर चुके हैं, इस कारण से इनको कठोर दण्ड देना आवश्यक हो गया है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े व कैलास सिदार, कृष्णा गोयल, सत्यनारायण जायसवाल, श्यामू शाहू, अज्जू अग्रवाल, सोनी, देवधन राम बिंझिया, फूलबसिया राजवाड़े, प्रमिला साहू, नन्दकिशोरी राजवाड़े, अमर लाल साहू, सुमिर सिंह, दीनानाथ, प्रदीप गर्ग, मनी बग्गा, महेश जायसवाल, रामानंद जायसवाल, पुष्पेंद्र सिंह, श्याम घोषाल व अन्य उपस्थित थे।



### आतंकवाद व पाकिस्तान का किया गया पुतला दहन

**रामानुजगंज।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला दहन महावीर गंज चौक पर किया गया। इस अवसर पर पाकिस्तान एवं आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान महबूब खान, अब्दुल अंसारी, अशरफी यादव, इरफान अंसारी, जबार अंसारी, कलाम रंगसाज, जसमुदीन अंसारी, अमजद अंसारी, जाबिर हुसैन, नूरताज अंसारी, आशीष यादव, असमुदिन अंसारी, रऊफ अंसारी, मोहम्मद जफर अंसारी, मोहम्मद आफताब अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

# तम्बाकू से हो रही कैंसर समेत कई अन्य बीमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तम्बाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान और इसके रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कोटपा एक्ट (सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम) 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से बचाने हेतु ब्लूमबर्ग परियोजना के सहयोग से संभाग स्तरीय मितानिन कार्यक्रम अंतर्गत विकासखण्ड मितानिन समन्वयक एवं स्वस्थ पंचायत समन्वयकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संयुक्त संचालक डॉ अनिल शुक्ला व सीएमएचओ पीएस मार्को ने ने ग्राम स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण की नीतियों के अनुपालन के संबंध में सुझाव दिए। जिला नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने जिले में तम्बाकू नियंत्रण की गतिविधियें तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र की सेवाओं तथा धूम्रपान मुक्त जिले के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि तंबाकू उपयोग विशेषकर गैर धूम्रपान या चबाने वाला तंबाकू, गुडाखू, ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक उपयोग किया जाता है। तंबाकू के सेवन से कैंसर समेत कई बीमारियां हो रही हैं, इसलिए तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता लाना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सबसे आवश्यक है कि युवा पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों का सेवन करने से बचाएं। इसके लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, कोटपा अधिनियम 2003 की समस्त धाराओं के बेहतर क्रियान्वयन और जनसमुदाय की सहभागिता और अधिनियम की जानकारी के साथ-साथ जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों को धूम्रपान मुक्त बनाए जाने के लिए सामूहिक योगदान आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य नशा मुक्ति केंद्र, सामाजिक संस्थाओं के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के लिए स्कूल, कालेज, संस्थान और शासकीय विभागों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ पुष्पेन्द्र राम द्वारा तम्बाकू नियंत्रण में मितानिनों के साथ-साथ अन्य विभागों की भूमिका एवं समन्वयक के संबंध में सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि धूम्रपान एवं तम्बाकू का उपयोग व गुटखा एवं तम्बाकू चबाना एक बहुत ही आम समस्या है, गुटखा चबाना कई लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है, लेकिन इससे निकलना बेहद ज़रूरी है। गुटखा से न केवल मुंह का कैंसर होने का खतरा बढ़ता है, बल्कि यह शरीर के कई अन्य अंगों को भी नुकसान पहुंचाता है। गुटखा व तम्बाकू छोड़ना में कठिनाई हो सकती है, लेकिन यह असंभव नहीं है। सही मानसिकता, दृढ़ इच्छाशक्ति और सही रणनीति के साथ आप गुटखे की आदत से छुटकारा पा सकते हैं। चिकित्सक के उचित परामर्श उपरांत निकोटीन रिप्लेसमेंट उत्पाद मददगार साबित हो सकते हैं, जो गुटखा छोड़ने को और भी आसान बना सकते हैं। तम्बाकू व धूम्रपान न केवल आपके शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आपके जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। इसीलिए, तम्बाकू रहित पदार्थ छोड़ने का सही समय अभी है। अपनी सेहत और अपने परिवार के लिए यह कदम उठाएं और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ें। संभागीय समन्वयक प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा सरगुजा संभाग के जिलों में तम्बाकू उपयोग की स्थिति सहित कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाये जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाये जाने सुझाव दिया गया। इस अवसर पर संभाग के समस्त जिले से विकासखण्ड मितानिन समन्वयक एवं स्वास्थ्य पंचायत सचिव उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### अंबिकेश को डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**अम्बिकापुर।** राजनीति और सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी को मेरिलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नई दिल्ली स्थित भारतीय संविधान क्लब में आयोजित इंडिया इंटेलेक्चुअल कॉन्क्लेव में 24 अप्रैल को प्रदान किया गया।कार्यक्रम में दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एमएल मेहता, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस लोकपाल सिंह, प्रसिद्ध उद्योगपति डॉ.अभिषेक वर्मा तथा राजदूत मोहम्मद मल्लिक उपस्थित थे। अंबिकेश केशरी को राजनीति विज्ञान एवं सामाजिक कार्य क्षेत्र में निरंतर योगदान, समाज सेवा, तथा जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए यह उपाधि प्रदान की गई। अंबिकेश केशरी ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति मेरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### पार्षद ने सड़क और नाली की मांग को लेकर सांसद से की मुलाकात



**अंबिकापुर।** गोधानपुर हनुमान मंदिर मार्ग पर सडक और नाली निर्माण की मांग को लेकर पार्षद ने सांसद से मुलाकात की। रविवार को गोधनपुर वार्ड के पार्षद शिवमंगल सिंह ने सांसद चिंतामणि महाराज से मिलकर उन्हें वार्ड के हनुमान मंदिर में आवागमन हेतु सड़क और नाली निर्माण की मांग करते हुए चुनाव के दौरान किए गए वादों को याद दिलाया। इस दौरान सांसद ने भी सड़क और नाली निर्माण के लिए सहमती दी और मांग को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान गुरु चरण सिंह, अजय जायसवाल, जफर खान, संजय बारी, राहुल सिंह, राजु भारती, मनोज बारी आदि उपस्थित थे।

### सैनिक स्कूल में अंतर्सदन हैण्डबॉल प्रतियोगिता



**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में अंतर्सदन हैण्डबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 22 से 25 अप्रैल के बीच पहली बार अंतर्सदन हैण्डबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में स्कूल की बालिका कैडेटों ने भी भागीदारी की। सीनियर एवं बालिका वर्ग में विभाजित प्रतियोगिता में कुल 6 लीग मैच खेले गए जिसमें वरिष्ठ वर्ग में कटारी व मानेकशॉ सदन तथा बालिका वर्ग में टीम ए एवं टीम बी फाइनल में पहुंचे। 25 अप्रैल को खेले गए प्रतियोगिता के फाइनल में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी.श्रीनिवास तथा स्कूल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। सीनियर वर्ग के फाइनल में कटारी सदन ने मानेकशॉ सदन को 10-6 से हराया। बालिका वर्ग के फाइनल में टीम ए ने टीम बी को पराजित कर जीत हासिल की। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती एवं उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी श्रीनिवास ने दोनों वर्गों के विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के संचालन तथा निर्णायक का दायित्व स्कूल खेल प्रशिक्षक सीएचएम निर्मल टोप्पो तथा सुश्री चित्रलेखा साहू ने निभाया।

### शिक्षक आशीष को एफएल एन नवाजतन वॉरियर्स का सम्मान



**बिश्रामपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जयनगर में पदस्थ शिक्षक आशीष पांडेय को एफएलएन एवं नवाजतन वॉरियर्स सम्मान से नवाजा गया है।गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जयनगर में पदस्थ शिक्षक आशीष पांडेय को एफएलएन एवं नवाजतन वारियर्स सम्मान 2025 अंतर्गत राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह आयोजन आञ्जनेय विश्वविद्यालय रायपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक शिक्षण संचालनालय के उपसंचालक आशुतोष चावरे थे।समारोह में एफएलएन एवं नवाजतन कार्यक्रमों के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के 100 उत्कृष्ट शिक्षकों एवं 66 जिला प्रभारियों को सम्मानित किया गया है। शिक्षक आशीष पाण्डेय का चयन एफएलएन एवं नवाजतन के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय कार्य, नवाचारों एवं महासमुंद तथा सूरजपुर जिलों में प्रभारी के रूप में उनके उत्कृष्ट योगदान के आधार पर किया गया है।

## परिसर को पोल व तार से किया गया घेराव

# मंत्री की पहल पर 10 माह से बंद स्कूल परिसर से हटा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

**खास बात**

- बरसात के दौरान पानी भरने के कारण 10 महीनें से बंद था स्कूल

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर तहसीलदार संजय राठौर के नेतृत्व में बसकर प्राथमिक शाला परिसर का बेजा कब्जा हटाकर स्कूल के नाम दर्ज 15 डिसमिल भूमि का घेराव किया गया। तहसीलदार ने स्कूल परिसर में पुनः अतिक्रमण होने पर तत्काल सूचना देने का निर्देश ग्राम पंचायत को दिया।

विकासखण्ड भैयाथान के ग्राम बसकर प्राथमिक शाला परिसर की आधी से अधिक जमीन पर गांव के ही सुखराम सिंह ने कब्जा कर लिया था तथा धान व गेहूं की खेती कर रहा था। स्कूल परिसर की नाली को भी पाट दिया था जिससे बरसात के मौसम में स्कूल परिसर व भवन की नींव में जल भराव हो रहा था जिससे नींव में दरारें पड़ गई थी। एहतियातन शिक्षा विभाग ने बीते जुलाई में स्कूल को बंद कर दिया और प्राइमरी स्कूल को मिडिल स्कूल के भवन में संयुक्त रूप से संचालित किया जाने लगा। मामले की शिकायत जन प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने कलेक्टर, एसडीएम, डीईओ से की तथी लेकिन एक साल का समय गुजरने के बाद भी कोई सार्थक पहल नहीं हो सकी हालांकि पूरे मामले की जानकारी विभाग को थी। बीते दिनों गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत बसकर में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची तो सरपंच सुरेश सिंह व ग्रामीणों ने उनसे स्कूल परिसर का कब्जा हटाने की मांग की। उन्होंने तत्काल एसडीएम सागर सिंह को जांच कर बेजा कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। इस समस्या के समाधान हेतु उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू व सरपंच सुरेश सिंह को राजस्व अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समाधान करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। मामले को लेकर सरपंच व मंडल अध्यक्ष ने एसडीएम सागर सिंह से मुलाकात कर पुनः समाधान की मांग की थी जिस पर शनिवार को तहसीलदार संजय राठौर के नेतृत्व में हल्का पटवारी पीताम्बर कुशवाहा, पुलिस बल ग्राम में पहुंचे तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में प्राथमिक शाला परिसर में बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई कर स्कूल के नाम दर्ज 15 डिसमिल भूमि को चिन्हांकित कर क्रांकीट पोल व तार से घेराव कराया। तहसीलदार ने सरपंच व ग्रामीणों से घेराव को किसी भी व्यक्ति द्वारा नुकसान पहुंचाने या अतिक्रमण करने पर तत्काल इसकी सूचना देने की बात कही। इस त्वरित कार्रवाई के लिए उपस्थित ग्रामीणों ने तहसीलदार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान सरपंच सुरेश सिंह, बंकट सिंह, बिंद्रा गुप्ता, धनेश्वर सिंह, सुबेलाल सिंह, नंदलाल सिंह, राजेश सिंह, मुकेश सिंह, महेश सिंह, विजय सिंह, चंद्रदेव सिंह, गुलशन यादव, भूपेंद्र यादव, भूपेंद्र सिंह, राजू सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



अतिक्रमण मुक्त परिसर का घेराव करते मजदूर।

### तहसीलदार की सख्ती से सहमा कब्जाधारी

तहसीलदार संयज राठौर के नेतृत्व में जब बसकर प्राथमिक स्कूल परिसर में पटवारी व पुलिस बल पहुंचा तो स्कूल के नाम दर्ज भूमि को चिन्हांकित करने के लिए भूमि नापने लगे। इस दौरान बेजा कब्जाधारी सुखराम सिंह भूमि नापने से मना किया तो तहसीलदार ने कहा स्कूल के नाम 15 डिसमिल भूमि दर्ज है जिससे बेजा कब्जा हटाते हुए पोल व तार से घेराव भी करना है। अगर कार्रवाई में कोई भी रूकावट डालने का प्रयास करेगा तो सीधा जेल जाएगा। तहसीलदार के कड़े रूख को देखकर अतिक्रमणकारी वहां से चला गया और राजस्व दल ने बेजा कब्जा हटाने के बाद घेराव करा दिया। ग्राम के सरपंच सुरेश सिंह स्कूल परिसर से अवैध कब्जा हटाने के लिए ग्रामीणों के साथ चुनाव के पूर्व से ही लगातार पहल कर रहे थे। उन्होंने युवा दल का गठन कर इसके समाधान हेतु कलेक्टर, डीईओ, एसडीएम, तहसीलदार, बीईओ कार्यालय का कई बार चक्कर लगाया तथा आवेदन देकर समाधान का निवेदन किया लेकिन प्रशासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं हो सकी। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से भी उन्होंने ग्राम का बड़ा आपदा बताते हुए मामले के समाधान की गुजारिश की। सरपंच के लगातार प्रयासों से विद्यालय परिसर की भूमि का बेजा कब्जा हटाने में सफलता मिली।

## ट्रैक्टर ट्राली के पीछे टकराया बाइक सवार, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 बालमपुर टीबीसीएल प्लांट के सामने ट्रैक्टर ट्राली के पीछे बाइक में सवार टकरा गए। दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया गया जहां एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है।



जानकारी के अनुसार शनिवार रात 8 बजे ग्राम मंगारी निवासी आकाश आ. हीराचंद अपने दो साथी शनि व दीपराज के साथ खरीदारी कर बाइक सीजी 15 डी जेड 8554 से घर मंगारी वापस आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार बालमपुर टीबीसीएल प्लांट के सामने पहुंचे तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में मंगारी की ओर आ रहा अज्ञात ट्रैक्टर वाहन के ट्रॉली से जा टकरा गए। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत आकाश को मृत घोषित कर दिया जबकि दो घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

## अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार, हालत गंभीर



**राजपुर।** रविवार को ग्राम झींगो गोपालपुर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार युवक दुर्घटना का शिकार हो गया। युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सडक किनारे गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मुनवा निवासी 20 वर्षीय सुनील कोडाकू आ. फोलवा कोड़ाकू बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 4098 से से किसी काम से गोपालपुर की ओर गया हुआ था। शाम 4.30 बजे घर वापस लौटते समय करवां महान नदी के समीप युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक गड्ढे में गिर गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा संजीवनी एम्बुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

## कम मजदूरी भुगतान पर ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत जजावल में कराए गए काम में कम मजदूरी राशि दिए जाने की शिकायत को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि वर्ष 2022-23 में 'विशेष योनद्रिय सहायता प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' के तहत कराए गए कार्यों में पुरुषों को मात्र 250 रुपये तथा महिलाओं को 200 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी गई, जबकि सूचना पटल पर मजदूरी दर 357 रुपये प्रतिदिन दर्ज है। इस प्रकार मजदूरों को उनके परिश्रम का उचित पारिश्रमिक नहीं दिया गया और उनके साथ खुली लूट की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गोंदीपारा जजावल में नाली निर्माण कार्य में भी पुरुषों को 300 रुपये तथा महिलाओं को 250 रुपये प्रति दिन मजदूरी दी गई, जो तय सरकारी दर से काफी कम थी। पंचायत में शासन की योजनाओं का सही क्रियान्वयन नहीं हो रहा है, और विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के सरपंच से शिकायत करने पर वह नहीं सुनता और उल्टे धमकाता है। पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और अधिकांश आदिवासी समुदाय के लोग शासन की योजनाओं से वंचित हैं। इस दौरान राजकुमार, राजकुमारी, राम करण, संजय, काजल, राधा, ऋषिका, हृदय, मुनिया, रामबरन, सुखमन, सुखराम, राजाराम, बीतम राम, रामपती, जयकरण, सोमरसाय, शिवकुमारी, अशोक, कृष्णा, बसंती, सुन्दरसाय, मानमती, जगलाल, समलसाय, मनराज, अतवारसाय, राजकुमार, जमुना प्रसाद, जवाहिरलाल, मोहर साय, रूपन सिंह सहित अन्य मजदूर मौजूद रहे।



### सरपंच को लिखा गया है पत्र

ग्रामीणों को मजदूरी भुगतान शीघ्र कराया जाएगा। सरपंच को पत्र लिखा गया है। पंचायत में कराए गए कार्यों की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

-राधे श्याम मिर्जा, सीईओ प्रतापपुर

## पहाड़गांव में रास्ता न दिए जाने से नाराज ग्रामीणों ने की मारपीट

**बिश्रामपुर।** रास्ता ना दिए जाने से नाराज होकर दो लोगों ने एक ग्रामीण के साथ मारपीट कर दी है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम गणेशपुर निवासी प्रार्थी बसंत यादव गत दिनों 22 अप्रैल को ग्राम पहाड़गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान पहाड़गांव निवासी आरोपी कपिल सिंह व दिनेश सिंह द्वारा प्रार्थी के साथ रास्ता ना दिए जाने की बात से क्षुब्ध होकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



## कलेक्टर ने दतिमा शासकीय उद्यान रोपणी का किया निरीक्षण

**बिश्रामपुर/सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा शासकीय उद्यान दतिमा एवं शासकीय उद्यान सोनपुर (सी) का निरीक्षण किया गया,यहां पर उन्होंने रोपणी में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी उपस्थित अधिकारीयों से ली।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्ट्रक्चर, पोलीहाउस, शेडनेट इत्यादि का अवलोकन किया और रोपणी में हो रहे पौधों के उत्पादन कार्य व पौधों के उचित रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित उद्यान अधीक्षकों को किसानों के मांग अनुरूप सब्जियों की सीडलिंग करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के किसानों को उत्तम किस्म के पौधे प्राप्त हो सकें। साथ ही उनके उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो और कृषि से उन्हें ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। कलेक्टर द्वारा उद्यान रोपणी में कार्यरत मजदूरों के कार्य की प्रकृति के अनुरूप कार्य विभाजन हेतु भी निर्देशित किया गया ताकि प्रत्येक कार्य की दक्षता में बढ़ोतरी हो सके।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## क्षेत्र में रहने वाले बांग्लादेशियों की पहचान हेतु सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- बाहर से आकर कर रहे नीलिगिरी के पेड़ों की अवैध कटाई

नगरवासियों ने क्षेत्र यूके लिप्टस पेड़ों की कटाई और क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में नगरवासियों ने बताया कि लखनपुर के साथ ही आस पास के क्षेत्रों में भड़ी संख्या में बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के आए हुए लोग अवैध रूप से रह रहे है और बड़े पैमाने पर यूके लिप्ट्स ( नीलगिरी) के पेड़ों की कटाई और परिवहन का कार्य कर रहे है।

बाहरी लोगों द्वारा दिन के साथ ही रात्रि के अंधेरो में बेखौफ होकर कटाई की जा रह है। बाहर से आए संदिग्ध लोगों द्वारा भोले भाले ग्रामीणों को झांसे में लेकर पेड़ों की कटाई की जा रही है और इसमें कुछ स्थानीय लोगों द्वारा भी उन्हें सहयोग दिया जा रहा है। संदेहियों ने मुसाफिरी दर्ज नहीं कराई है और किराए के मकानों में रह रहे है। आरोप है कि पेड़ों की कटाई के लिए औजारों के साथ ही अवैध हथियार से लैस होकर निकलते है जिससे क्षेत्र के लोग दहशत में है। यदि पुलिस प्रशासन द्वारा इनपर कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है। वर्तमान में मां महामाया वार्ड क्रमांक 4 में मां महामाया मंदिर से भारतपुर, गोरता को जोड़ने वाली सड़क में दिन एवं रात्रि में भी लकड़ी एवं कोयले की अवैध ढुलाई की जा रही है। बिना नंबर प्लेट ओवरलोड ट्रेक्टर से परिवहन किया जा रहा है। नगरवासियों ने ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### विदेशी शरणार्थियों की पहचान करने पुलिस चला रही तलाशी अभियान



बिश्रामपुर। एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर जिलेभर की पुलिस द्वारा बांग्लादेशी व पाकिस्तानी शरणार्थियों की पहचान करने तलाश शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार जिलेभर की पुलिस द्वारा पड़ोसी देशों से आए शरणार्थियों की इन दिनों सरगर्मी से तलाश की जा रही है। इसी तारतम्य में रविवार को भी एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक अनूप एक्का के नेतृत्व में बिश्रामपुर व जयनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फोकटपारा में निवासरत लोगों के दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा सप्ताह भर से ग्राम महावीरपुर, अजबनगर, रविंद्रनगर, सिलफिली व आसपास इलाके में पिछले दिनों बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन उपरांत भारत में घुस आए व पाकिस्तानी विदेशी शरणार्थियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान फिलहाल जारी रहेगा और किरायेदारों की भी सूची तैयार की जा रही है। शासन स्तर पर विदेशी घुसपैठियों की सरगर्मी से तलाश कर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए जाने उपरांत पुलिस भी हरकत में आ गई है।उक्त कार्यवाही में जयनगर टीआई नरेंद्र कुमार सिंह, बिश्रामपुर थाना से सहायक उपनिरीक्षक देवनाथ चौधरी दलबल के साथ सक्रिय रहे।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की वार्षिक बैठक में प्रचार-प्रसार पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा की द्वितीय वार्षिक समीक्षा बैठक शासकीय कन्या विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व जिला मुख्य आयुक्त तेजेंदर सिंह बग्गा शामिल हुए।

बैठक में मुख्य रूप से सरगुजा जिले में स्काउटिंग एवं गाइडिंग के प्रचार-प्रसार, दल गठन, दल पंजीयन, नवीनीकरण, शासकीय एवं प्राइवेट संस्थानों में स्काउटिंग के नियमित संचालन, बेसिक कोर्स, तृतीय सोपान शिविर के आयोजन, राज्य स्तरीय शिविरों में स्काउट्स एवं गाइड्स की सहभागिता पर चर्चा की गई। इसके साथ ही इस बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त के आदेशानुसार सरगुजा जिले के कई स्काउट ब्लॉक सचिवों को फेरबदल कर नियुक्त करने आदेश दिए गए जिससे सरगुजा जिले की स्काउटिंग का कार्य प्रत्येक स्तरों पर सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक का संचालन जिला संगठन आयुक्त सरगुजा योगेश विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। बैठक में रमेश सिंह एडीपीओ, त्रिभुवन शर्मा, जरमिना एक्का जिला सचिव महेंद्र सिंह, सह सचिव रेशमा लकड़ा, जिला प्रशिक्षक स्काउट मनीष गुप्ता, जिला प्रशिक्षक गाइड पुष्पिका मिंज के साथ जिले के सभी वरिष्ठ स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
01 जून 2025
16 जुलाई 2025
27 जुलाई 2025
16 अगस्त 2025
09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411